

हमने देखा है कि जब डेविड खराब दौर से गुजर रहा होता है तो वह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब रहता है। -स्टीव स्मिथ

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज, डेविड वॉर्नर को लेकर।




आज का खिलाड़ी

## ब्रैंडन मैकुलम



इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कोच ब्रैंडन मैकुलम ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ अपने पदार्पण टेस्ट मैच में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले युवा लेग स्पिनर रेहान अहमद को अगर इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी में चुना जाता है तो या शानदार होगा। अट्ठारह वर्षीय अहमद अपने टेस्ट पदार्पण पर पारी में पांच विकेट लेने वाले सबसे युवा गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन 48 रन देकर पांच विकेट लिए थे। अहमद ने भी शुक्रवार को कोच्चि में होने वाली आईपीएल नीलामी के लिए खुद को पंजीकृत कराया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टैस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टैस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

## आईसीसी सीओ चाहते है कि टेस्ट खेलने वाले अधिक देश पाक का दौरा करें

कराची, 21 दिसंबर। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम के तीन मैचों के सफल दौरे से उत्साहित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सीईओ ज्योफ एलार्डिस चाहते हैं कि पाकिस्तान में और अधिक टेस्ट मैच खेले जाएं। इंग्लैंड ने रावलपिंडी, मुल्तान और कराची में टेस्ट मैच खेले जिसमें बड़ी संख्या में दर्शक भी पहुंचे। इंग्लैंड ने इन तीनों मैचों में जीत दर्ज करके श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने भी इस साल के शुरू में पाकिस्तान का दौरा किया। स्टेडियमों में बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने से खेल के सबसे लंबे प्रारूप में पाकिस्तानी लोगों की दिलचस्पी का पता चलता है। एलार्डिस ने कहा,“ पाकिस्तान के प्रशंसक इस खेल को लेकर और अपनी टीम के प्रति जुनूनी है लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे मेहमानों का स्वागत कर रहे हैं।” पाकिस्तान अब दो टेस्ट मैचों के लिए मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। इस श्रृंखला का पहला मैच 26 दिसंबर से कराची में खेला जाएगा। एलार्डिस को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी टीमों के दौरों के बाद आगे पाकिस्तान में टेस्ट क्रिकेट फलता फूलता रहेगा।

## नाडा के 2023 के पंजीकृत परीक्षण पूल में 149 खिलाड़ी

नयी दिल्ली, 21 दिसंबर। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने बुधवार घोषणा की कि आगामी साल के लिए उसके पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में 24 खेलों के 149 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। आरटीपी में शामिल खिलाड़ियों की संख्या में 2022 की तुलना में इजाफा हुआ है। नाडा की 2023 की आरटीपी सूची में सात दिव्यांग खिलाड़ी भी शामिल हैं और इनमें नाम एक जनवरी से एजेंसी की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। पीआईबी की बुधवार को जारी विज्ञिप्त के अनुसार, “89 पुरुष और 60 महिला खिलाड़ियों सहित कुल 149 खिलाड़ियों के साथ नाडा की 2023 की आरटीपी सूची उच्च प्राथमिकता वाले खेलों में समग्र जोखिम आकलन पर आधारित है और इसमें 24 खेलों के खिलाड़ी शामिल हैं। इस सूची में सात दिव्यांग खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है।” इसमें कहा गया, “आरटीपी सूची में शामिल करने का नोटिस सभी संबंधित खिलाड़ियों को दे दिया गया है और इसकी एक प्रति राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघों को भी दी गई है। आरटीपी सूची में शामिल सभी खिलाड़ियों को प्रत्येक तीन महीने में अपने रहने के स्थान संबंधी जानकारी देनी होती है जिसमें रात को रुकने के स्थल का पता, गतिविधि कार्यक्रम, प्रतियोगिता कार्यक्रम और स्थल शामिल है। इसके अलावा प्रत्येक दिन 60 मिनट के समय की जानकारी भी देनी होती है जब वे परीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## कार्तिकेय के फिरकी के जादू से मध्य प्रदेश की आसान जीत

इंदौर, 21 दिसंबर। बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहली बार मैच में 10 विकेट चटकाए जिससे गत चैंपियन मध्य प्रदेश ने बुधवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में चंडीगढ़ को पारी और 125 रन से रौंद दिया। पिछले सत्र में 32 विकेट के साथ शम्स मुलानी के बाद दूसरे सबसे सफल गेंदबाज रहे कार्तिकेय ने उसी फॉर्म को जारी रखते हुए मैच में 64 रन देकर 10 विकेट चटकाए जिससे मध्य प्रदेश ने दूसरे दिन चंडीगढ़ को दो बार 57 और 127 रन के स्कोर पर ढेर किया। बोनस अंक के साथ लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद मध्य प्रदेश की टीम ग्रुप डी में 14 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है। टीम ने अपने पहले मैच में जम्मू-कश्मीर को भी पारी और 17 रन से हराया था। मध्य प्रदेश ने दिन की शुरुआत सात विकेट पर 289 रन से की और उसकी पारी 309 रन पर सिमट गई। चंडीगढ़ के लिए संदीप शर्मा ने 93 रन देकर तीन जबकि हरतेजस्वी कपूर ने 64 रन देकर दो विकेट चटकाए। इसके जवाब में चंडीगढ़ की टीम पहली पारी में सिर्फ 24 ओवर में सिमट गई। सलामी बल्लेबाज अर्सलान खान 58 गेंद में 34 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। कार्तिकेया ने 20 रन देकर छह विकेट चटकाए।

## केरल के 8 विकेट पर 268 रन

जयपुर, 21 दिसंबर। सचिन बेबी (नाबाद 109) के शतक और कप्तान संजू सैम्सन के अर्द्धशतक की मदद से केरल ने रणजी ट्रॉफी में मेजबान राजस्थान के लिए दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 8 विकेट पर 268 रन बना लिये है। केरल पहली पारी के अभी मेजबान टीम से 69 रन पीछे है। राजस्थान के लिए अनिकेत चौधरी और मानव सुथार ने तीन-तीन विकेट लिये। मेजबान टीम ने आज कल के पांच विकेट पर 310 रन से आगे खेलना शुरू किया और पूरी टीम 337 रन पर आउट हो गई।

# डब्ल्यूटीसी में स्थिति सुधारने के लिए बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा भारत

## बांग्लादेश से दूसरा टेस्ट मैच आज से

मीरपुर, 21 दिसंबर। पहले टेस्ट मैच में शानदार जीत से उत्साहित भारतीय क्रिकेट टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में अपनी स्थिति सुधारने के लिए बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा।

इस मैच में कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल पर भी सभी की नजरें रहेंगी क्योंकि वह पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। डब्ल्यूटीसी तालिका में दो शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए होड़ बढ़ गई है। भारत 55.77 के प्रतिशत अंक (पीसीटी) के साथ दूसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका की गाबा टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के हाथों करारी हार के कारण भारत को फायदा हुआ है।

दक्षिण अफ्रीका का पीसीटी 54.55 है जबकि ऑस्ट्रेलिया 76.92 पीसीटी के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली आगामी घरेलू श्रृंखला भारत के लिए डब्ल्यूटीसी तालिका में चोटी के दो स्थानों पर बने रहने की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगी लेकिन वह बांग्लादेश के खिलाफ भी किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत सकता जिसने पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में सस्ते पर आउट होने के बाद जुझारूपन दिखाया। नियमित कप्तान रोहित शर्मा अभी अंगूठे की चोट से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं और ऐसे में भारतीय एकादश में किसी तरह के बदलाव की संभावना नहीं है।

पहले टेस्ट मैच में शुभमन गिल और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ियों को सुनहरा मौका मिला था और उन्होंने इसका पूरा फायदा भी उठाया। यदि रोहित मैच के लिए फिट भी हो जाते तब भी गिल को बाहर करना मुश्किल था क्योंकि उन्होंने चटगांव में अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया था। लेकिन रोहित फिट नहीं है और ऐसे में गिल एक और मौके का पूरा फायदा उठाना चाहेंगे। राहुल भी पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में असफल रहने के बाद आगे बढ़कर नेतृत्व करना चाहेंगे। चटगांव की तरह ही यहां भी पिच के धीमी रहने की संभावना है जो कि बल्लेबाजों के लिए आदर्श स्थिति होगी। ऐसे में राहुल के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला से पूर्व फॉर्म में लौटने का यह शानदार मंच होगा।

इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच से वापसी करने वाले अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने पहले टेस्ट मैच में 90 और नाबाद 102 रन की पारी खेलकर तीसरे नंबर पर अपनी स्थिति मजबूत की है। पुजारा ने दूसरी पारी में आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके अपने आलोचकों को भी करारा जवाब दिया। विराट कोहली के लिए भी नवंबर 2019 के बाद पहला टेस्ट शतक लगाने के लिए यह आदर्श मंच होगा। भारत ने दूसरी पारी में चार रन प्रति ओवर से भी अधिक की दर से रन बनाए थे और यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम अपने इसी सकारात्मक रवैए के साथ उतरती है या नहीं।

परिस्थितियों को देखते हुए गेंदबाज एक बार फिर से विकेट को लक्ष्य करके गेंदबाजी करना चाहेंगे फिर चाहे वह तेज गेंदबाज हों या स्पिनर। पिछले साल फरवरी के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे कुलदीप ने पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन किया और आठ विकेट लिये। उन्होंने दूसरी पारी में आर अश्विन और अक्षर पटेल से कम गेंदबाजी की लेकिन इसके बावजूद वह तीन विकेट लेने में सफल रहे।

अश्विन स्पिनरों की मददगार पिच पर केवल एक विकेट ही ले पाए थे और वह उसकी भरपाई यहां करने के लिए बेताब होंगे। अक्षर ने दूसरी पारी में चार विकेट लेकर अपनी उपयोगिता साबित की। बांग्लादेश ने जिस तरह से चौथे दिन बल्लेबाजी की उससे वह प्रेरणा लेना चाहेगा। अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन ने शतक जड़कर दिखाया कि वह इस स्तर पर खेलने के लिए तैयार हैं। सीनियर बल्लेबाज लिटन दास और मुशफिकुर रहीम अपनी गलतियों से सबक लेकर बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे।

## दूसरे टेस्ट से बाहर रह सकते है राहुल

ढाका, 21 दिसंबर। भारत के कार्यवाहक कप्तान लोकेश राहुल हाथ में चोट लगने के कारण बंगलादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने बुधवार को मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राहुल की चोट गंभीर नहीं है, हालांकि उनके खेलने पर संदेह है। राठौड़ ने कहा, ”चोट गंभीर नहीं लग रही। वह ठीक दिख रहे हैं। डॉक्टर चोट को देख रहे हैं, लेकिन उम्मीद है कि वह ठीक होंगे।” उल्लेखनीय है कि अंगूठे में चोट लगने के बाद रोहित शर्मा बंगलादेश टेस्ट सीरीज में शामिल नहीं हो सके, जिसके बाद राहुल को कप्तानी सौंपी गयी थी। अगर राहुल गुरुवार को शुरू होने वाले मैच में हिस्सा नहीं लेते हैं तो उपकप्तान चेतेश्वर पुजारा टीम की कमान संभालेंगे। राहुल का गैर-मौजूदगी में सलामी बल्लेबाज अभिमन्यू ईश्वरन भी भारत के लिये पदार्पण कर सकते हैं। राष्ट्रीय टीम में अभिमन्यु का चयन भारत-ए में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। उन्होंने भारत-ए की कप्तानी करते हुए बंगलादेश-ए के विरुद्ध दो अनाधिकारिक टेस्ट मैचों में दो शतक बनाये, जबकि इससे पहले उन्होंने विजय हज़ारे ट्रॉफी में बंगाल के लिये भी शतक जड़ा था।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट अच्छा अभ्यास : राठौड़

मीरपुर, 21 दिसंबर। बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ को लगता है कि बांग्लादेश के खिलाफ चल रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला घरेलू सरजमीं पर इसी तरह की ‘टर्निंग पिचों’ पर आस्ट्रेलिया से होने वाली सीरीज से पहले भारतीय बल्लेबाजों की तैयारी के लिये बिलकुल ‘परफेक्ट’ है। बांये हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए शानदार वापसी की जिससे भारत ने चटगांव में मुश्किल पिच पर बांग्लादेश को 188 रन से हराकर श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर चल रही भारतीय टीम शीर्ष पर चल रही आस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ फरवरी से नागपुर में शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलने से पहले बांग्लादेश में क्लीन स्वीप करना चाहेगी।

राठौड़ ने दूसरे और अंतिम टेस्ट की पूर्व संध्या पर यहां कहा, “उप महाद्वीप में आप विकेट के टर्न लेने की उम्मीद करते हो और इसके बाद हम आस्ट्रेलिया के खिलाफ महत्वपूर्ण श्रृंखला खेलेंगे जिसमें भी विकेट के टर्न लेने की उम्मीद है। ”

उन्होंने कहा, “इसलिये हमारे लिये यह अच्छा अभ्यास है। यह भारतीय बल्लेबाजों के लिये अच्छी तैयारी होगी। हम तकनीकी रूप से किसी भी चीज पर चर्चा नहीं कर रहे हैं लेकिन अच्छा क्रिकेट खेलने के लिये तैयार हैं। चटगांव टेस्ट में युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने लंबे प्रारूप में अपना पहला शतक जड़ा जबकि तीसरे नंबर के भरोसेमंद बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने भी दूसरी पारी में 130 गेंद में नाबाद 102 रन की पारी खेलकर लंबे समय से शतक के इंतजार को खत्म किया। जनवरी 2019 में सिडनी टेस्ट में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 193 रन की पारी के बाद यह उनका पहला सैकड़ा था। करीब चार साल बाद उन्होंने अपना 19वां शतक जमाया।

राठौड़ ने कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल और विराट कोहली के साथ लंबी बातचीत की और उन्हें शीर्ष दो बल्लेबाजों से भी बड़ी पारी खेलने की उम्मीद है। राहुल 22 और 23 रन ही बना सके। राहुल से हुई चर्चा के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, “मैं उन चर्चाओं में नहीं जाना चाहूंगा, ये चर्चायें होती रहती हैं, वह कुछ चीजें करना चाह रहा था और इसके बारे में चिंता की कोई बात नहीं है। वह कुछ चीजें आजमा रहा था। ”

उन्होंने कहा, “हम चाहते हैं कि दोनों रन जुटायें। इस मैच में दोनों से बड़ी पारियों की उम्मीद लगाये हैं। कोहली ने हाल में अपने अंतरराष्ट्रीय शतक का लंबा इंतजार खत्म किया, पहले अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में और फिर बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में। कोहली से अब एक टेस्ट शतक का इंतजार है जो उन्होंने पिछली बार 2019 में कोलकाता के ईडन गार्डन्स में पहले दिन-रात्रि टेस्ट में इसी बांग्लादेश टीम के खिलाफ बनाया था। राहुल के अंगूठे में ‘थ्रोडाउन’ से गेंद लग गयी थी लेकिन बल्लेबाजी कोच ने कहा कि वह ठीक लग रहा है।

## न्यूजीलैंड टेस्ट के लिये हसन की पाक टीम में वापसी

कराची, 21 दिसंबर। पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली दो मैचों की घरेलू टेस्ट शृंखला के लिये मध्यक्रम के बल्लेबाज कामरान गुलाम और तेज गेंदबाज हसन अली को टीम में शामिल किया है।


पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को जारी विज्ञिप्त में कहा कि शाहीन शाह अफरीदी टी20 विश्व कप 2022 के दौरान लगी घुटने की चोट के कारण टीम से बाहर रहेंगे। कंधे की चोट के कारण इंग्लैंड टेस्ट शृंखला के अंतिम दो मैचों से बाहर रहने वाले नसीम शाह ने फिट होने के बाद स्क्वाड में वापसी की है। नसीम के साथ चोटग्रस्त होने वाले हारिस रऊफ अभी पूरी तरह फिट न होने के कारण टीम से बाहर ही रहेंगे।

खैबर पख्तूनख्वा के 27 वर्षीय बल्लेबाज गुलाम इस सीरीज में पाकिस्तान के लिये पदार्पण कर सकते हैं। उन्हें एक साल पहले बंगलादेश टेस्ट सीरीज के लिये भी स्क्वाड में शामिल किया गया था लेकिन तब वह एकादश में जगह नहीं बना सके। गुलाम ने 44 प्रथम-श्रेणी मैच खेलकर 47.36 की औसत से 3268 रन बनाये हैं, जिसमें 10 शतक और 18 अर्द्धशतक शामिल हैं। दूसरी ओर, हसन पांच महीने बाद पाकिसत्तान टीम में वापसी कर रहे हैं, जबकि उन्होंने अपना पिछला टेस्ट जुलाई में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में खेलने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद अली और हरफनमौला फहीम अशरफ को इस शृंखला के लिये टीम से बाहर रखा गया है। पीसीबी ने बयान में कहा कि दोनों खिलाड़ियों को घरेलू एकदिवसीय टूर्नामेंट पाकिस्तान कप में हिस्सा लेने की सलाह दी गयी है।

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज 26 दिसंबर से कराची में शुरू होगी, जबकि शृंखला का दूसरा मैच तीन जनवरी से मुल्तान में खेला जायेगा। न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज के लिये पाकिस्तान टीम : बाबर आजम (कप्तान), अब्दुल्लाह शफीक, अबरार अहमद, आगा सलमान, हसन अली, इमाम-उल-हक, कामरान गुलाम, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम, नसीम शाह, नौमान अली, सरफराज अहमद, सऊद शकील, शान मसूद और जाहिद महमूद।

# रमीज राजा की छुट्टी, नजम सेठी होंगे पीसीबी अध्यक्ष

इस्लामाबाद, 21 दिसंबर। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ ने पूर्व पत्रकार नजम सेठी को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का नया चेयरमैन नियुक्त करने और रमीज़ राजा को हटाने की मंजूरी दे दी है। ‘जियो न्यूज़’ ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी।



जियो न्यूज़ ने बताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय इस नियुक्ति से जुड़ी चार अधिसूचनाएं जारी करेगा। पहली अधिसूचना 2019 के पीसीबी संविधान को समाप्त करने से संबंधित होगी।दूसरी अधिसूचना 2019 के संविधान के तहत अध्यक्ष पद के लिये मनोनीत दो नामों की समाप्ति की सूचना देगा। तीसरी अधिसूचना 2014 के संविधान को बहाल करने की घोषणा करेगी, जबकि चौथी अधिसूचना बोर्ड को चलाने के लिये स्थापित ”सेट अप” से संबंधित होगी।

राजा को चेयरमैन पद से हटाने की खबरें पहले भी उठी थीं, हालांकि उन्होंने इन बातों को नकारते हुए कहा था कि वह ”कहीं नहीं जा रहे हैं।” राजा को पद से हटाए जाने की खबरें बाहर आने पर उन्होंने पीसीबी के कर्मचारियों को यह बताने के लिए बुलाया था कि उन्हें काम जारी रखने के लिये सरकार से ”हरी झंडी” मिल गई है। राजा ने पीसीबी के कर्मचारियों से कहा था, ”मुझसे कहा गया है कि मैं पीसीबी चेयरमैन के तौर पर काम करता रहूं।” गौरतलब है कि इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सरकार के दौरान 13 सितंबर, 2021 को राजा निर्विरोध रूप से पीसीबी अध्यक्ष चुने गये थे। एहसान मणि का तीन वर्षीय कार्यकाल पूरा होने के बाद पीसीबी का शीर्ष पद खाली हो गया था।

## अक्षर ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की

दुबई, 21 दिसंबर। भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने बंगलादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार गेंदबाजी की मदद से अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी टेस्ट रैंकिंग हासिल कर ली है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार अक्षर 10 पायदान चढ़कर 655 रेटिंग पॉइंट के साथ 18वें नंबर पर आ गये हैं। यह अक्षर के करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग व रैंकिंग है, जबकि वह शीर्ष 20 में भी पहली बार आये हैं।

अक्षर के साथी कुलदीप यादव ने भी पहले टेस्ट में मैच जिताऊ प्रदर्शन के दम पर गेंदबाजों की रैंकिंग में 49वां स्थान हासिल कर लिया। कुलदीप ने पहली पारी में बल्ले से 40 रन का योगदान देने के बाद मैच में कुल आठ विकेट लिये थे, जबकि अक्षर ने कुल पांच विकेट लेकर भारत की 188 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

# पीसीबी ने आईसीसी को आश्वत किया, भारत में विश्व कप के बहिष्कार का कोई फैसला नहीं : सूत्र

कराची, 21 दिसंबर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आईसीसी अधिकारियों को बताया है कि उसने अगले साल भारत में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप से बहिष्कार की धमकी इस पड़ोसी देश को एशिया कप के लिये अपनी टीम भेजने का दबाव बनाने के लिये दी थी। इसकी जानकारी सूत्रों ने दी है। एशियाई क्रिकेट परिषद ने 50 ओवर के एशिया कप के 2023 चरण की मेजबानी के अधिकार पाकिस्तान को दिये हैं जो भारत में अक्टूबर-नवंबर 2023 में होने वाले विश्व कप से पहले होगा।

अक्टूबर में एसीसी अध्यक्ष और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) सचिव जय शाह ने कहा था कि भारत अगले साल 50 ओवर के एशिया कप के लिये यात्रा नहीं करेगा जिसके सितंबर में आयोजित होने की संभावना है। पर इसके बाद पीसीबी ने विश्व कप से हटने की धमकी दी थी।

लेकिन पता चला है कि पीसीबी चेयरमैन रमीज राजा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद अधिकारियों को बताया है कि बोर्ड ने भारत में 50 ओवर के विश्व कप के लिये अपनी टीम नहीं भेजने संबंधित कोई फैसला नहीं किया है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ अलार्डिस सहित आईसीसी अधिकारी इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला देखने के लिये मेहमान के तौर पर पाकिस्तान में थे। इसकी जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा, “रमीज ने आईसीसी अधिकारियों को आश्वस्त किया कि पीसीबी ने विश्व कप के लिये अपनी टीम भारत नहीं भेजने संबंधित कोई फैसला नहीं किया है और ना ही वह इतने बड़े टूर्नामेंट के बहिष्कार के पक्ष में है लेकिन दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के चलते पीसीबी ने भारतीय बोर्ड पर एशिया कप के लिये अपनी टीम भेजने का दबाव बनाया था।

सूत्र ने कहा कि आईसीसी अधिकारियों ने रमीज को उनके बयान के संबंध में अपनी चिंतायें भी जाहिर की कि अगर भारतीय टीम एशिया कप में हिस्सा नहीं लेगी तो पाकिस्तान भी अगले साल भारत में विश्व कप में नहीं खेलेगा। सूत्र के अनुसार रमीज ने आईसीसी अधिकारियों को यह भी कहा कि भारत के पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर पाने के कारण पीसीबी देश से 2025 चैम्पियंस ट्राफी हटाये जाने को भी स्वीकार नहीं करेगा। सूत्र ने कहा, “रमीज ने आईसीसी अधिकारियों को यह भी याद दिलाया कि कार्यकारी बोर्ड (जिसमें भारत भी शामिल है) ने चैम्पियंस ट्राफी की मेजबानी का अधिकार पाकिस्तान को दिया था इसलिये टूर्नामेंट के कार्यक्रम को लेकर कोई संदेह नहीं होना चाहिए।

## डॉनल्ड ने सचिन से की कोहली की तुलना

ढाका, 21 दिसंबर। बंगलादेश के कोच ऐलन डॉनल्ड ने विराट कोहली की तुलना सचिन तेंदुलकर से करते हुए बुधवार को कहा कि कोहली के खिलाफ सटीक गेंदबाजी करना उनकी पहली प्राथमिकता है। डॉनल्ड ने दूसरे टेस्ट से पहले यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, वे (केएल राहुल और कोहली) बहुमूल्य विकेट हैं। यह वैसा है जैसे (सचिन) तेंदुलकर क्रीज पर आते हैं। आप जानते हैं कि उनके खिलाफ सही गेंदबाजी करना सबसे पहली प्राथमिकता है। जब कोहली रंग में हों और आप उनके खिलाफ मौका गंवा दें तो आपको भुगतना पड़ता है। ऐसे खिलाड़ी आपको बार बार मौके नहीं देते। डॉनल्ड ने कहा, मेरे अनुसार हमने कोहली और राहुल के खिलाफ काफी अच्छी गेंदबाजी की। यह लारा के खिलाफ गेंदबाजी करने जैसा है। मैदान पर सहसा ही पारा बढ़ जाता है। मैं जानता हूं कि विराट इस सीरीज को एक शतक के साथ खत्म करना चाहते हैं लेकिन मुझे लगता है कि हमने उनके खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की है और उम्मीद है कि कल हम इसे जारी रख सकेंगे।

भारत और बंगलादेश गुरुवार से दूसरे टेस्ट मैच में आमने-सामने होंगे। पहले टेस्ट में कोहली और राहुल बड़े रन नहीं बना सके, लेकिन बंगलादेशी गेंदबाजों के विस्मरणीय प्रदर्शन के कारण चेतेश्वर पुजारा (90, 102 नाबाद), शुभमन गिल (110) और श्रेयस अय्यर (86) बड़ी पारियां खेलने में कामयाब रहे थे। डॉनल्ड ने कहा कि वह अपने गेंदबाजों से आक्रामक प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं, जिसके लिये उन्होंने कई बार इंग्लैंड के उदाहरण का भी इस्तेमाल किया है। डॉनल्ड ने कहा, मैंने हमेशा पाकिस्तान में इंग्लैंड के गेंदबाजों के प्रदर्शन की मिसाल पेश की है। वह किस तरह अपने आप को मैच में लेकर आते हैं। तीन स्पिनरों के बावजूद, आपके पास एक तेज़ गेंदबाज के रूप में थोड़ा अधिक विस्तृत होने के की आजादी होती है। आप लंबे समय तक शॉर्ट और फुल गेंदबाजी कर सकते हैं।

## भारत में पैरीस ओलंपिक प्रसारित करेगा वायाकॉम 18

लुसाने, 21 दिसंबर। भारतीय प्रसारक वायाकॉम18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड (वायाकॉम18) ने बंगलादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका में पेरिस ओलंपिक खेल 2024 के प्रसारण के लिये विशेष मीडिया अधिकार हासिल कर लिये हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने बुधवार को इसकी घोषणा की। आईओसी ने बताया कि वायाकॉम18 ने शीतकालीन युवा ओलंपिक खेल गैंगवोन 2024 के गैर-अनन्य प्रसारण अधिकार भी हासिल किये हैं। कि वायाकॉम18 इस समझौते के तहत टेलिविजन के अलावा अन्य मंचों पर भी खेलों का मुफ्त प्रसारण करेगा। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाच ने कहा, भारत और उपमहाद्वीप के प्रशंसक वायकॉम18 के साथ इस साझेदारी के जरिये ओलंपिक खेलों का जादू देख सकेंगे। यह नया मीडिया अधिकार समझौता हमें इन देशों के प्रशंसकों और युवाओं को ओलंपिक खेलों और ओलंपिक मूल्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित करने में मदद करेगा।”

# अमेरिका के कोच का पद छोड़ सकते है चंद्रपॉल

कैलिफोर्निया, 21 दिसंबर। वेस्ट इंडीज के दिग्गज क्रिकेटर शिवनारायण चंद्रपॉल अंडर-19 महिला विश्व कप 2023 के बाद अमेरिकी महिला टीमों के मुख्य कोच का पद छोड़ सकते हैं। अमेरिका क्रिकेट के सूत्रों ने बताया है कि चंद्रपॉल बोर्ड की वर्तमान स्थिति और पेशेवराना अंदाज की कमी से नाखुश हैं, हालांकि चंद्रपॉल ने फिलहाल खुद कोई बयान जारी नहीं किया है।

अमेरिका क्रिकेट के एक सूत्र ने कहा, यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है कि चंद्रपॉल ने अंडर-19 विश्व कप के बाद मुख्य कोच की भूमिका से अलग होने का इरादा किया है। एक खिलाड़ी के रूप में उनका अनुभव और एक कोच के रूप में उनकी विशेषज्ञता का बहुत महत्व है, और इसने अमेरिकी महिला टीम के कोच के रूप में उनके शुरुआती कार्यकाल में परिणाम दिखाना शुरू कर दिया था।”

उन्होंने कहा, ”अमेरिका क्रिकेट का शासी निकाय 2018 के दौरान स्थापना के बाद से कुछ नुकसानों से स्थिर होने की कोशिश कर रहा है। कई कोच, प्रशासक और चुनिंदा स्वतंत्र निदेशक चले गये हैं और इस मोड़ पर शिवनारायण को खोना अमेरिक क्रिकेट के लिये एक बड़ा नुकसान है, इसमें कोई संदेह नहीं।” अमेरिका क्रिकेट के बहु-विषयक कोच जतिन पटेल और चंद्रपॉल अटलांटा क्रिकेट लीग (एसीएल) के वार्षिक आयोजन में भाग ले रहे थे, जहां पटेल ने बताया कि चंद्रपॉल अपने कोचिंग कॉन्ट्रैक्ट को समाप्त कर सकते हैं।

पटेल ने अमेरिका क्रिकेट के भविष्य पर बातचीत के दौरान कहा, ”पहले से ही कई प्रसिद्ध कोच नये बोर्ड के आने के बाद से राष्ट्रीय टीम से अलग हो गये हैं। मुझे नहीं लगता कि दक्षिण अफ्रीका में अंडर-19 विश्व कप के बाद शिवनारायण अपने अनुबंध को नवीनीकृत करेंगे। मैंने शिवनारायण चंद्रपॉल के प्रबंधक जेरिन चाको से बात की और उन्होंने पुष्टि की है कि वह महिला अंडर-19 विश्व कप के बाद चंद्रपॉल के अनुबंध को बढ़ाने या नवीनीकृत करने पर विचार नहीं करेंगे।”

उल्लेखनीय है कि चंद्रपॉल अमेरिका की महिला टीम और अंडर-19 महिला टीम के कोच हैं। साल 2022 चंद्रपॉल के लिये बतौर कोच सबसे अच्छे वर्षों में से एक रहा है। जुलाई 2022 में उन्होंने कैरिबियन में अमेरिका अंडर-19 महिला टीम को खिताब तक पहुंचाया।

## मुक्केबाज सुविधा भगत और राधा पाटिदार प्री-क्वार्टरफाइनल में

भोपाल, 21 दिसंबर। पंजाब की मुक्केबाज सुविधा भगत और मध्यप्रदेश की राधा पाटिदार ने बुधवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए छठी एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। सुविधा ने 48 किग्रा वजन वर्ग में झारखंड की चंदू को 5-0 से शिकस्त दी जबकि स्थानीय मुक्केबाज राधा ने 52 किग्रा में हिमाचल प्रदेश की रितु को इसी अंतर से आसानी से पराजित किया। पंजाब की कोमल (50 किग्रा) भी अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रहीं उन्होंने छत्तीसगढ़ की पी तनुजा को आरएससी से शिकस्त दी।

मौजूदा विश्व चैम्पियन निकहत जरीन गुरूवार को रिंग में उतरेंगी जिसमें वह 50 किग्रा प्री क्वार्टरफाइनल में मेघालय की इवा मारबानियांग के सामने होंगी। असम का प्रतिनिधित्व कर रही तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) शुक्रवार को राउंड 16 में ओड़िशा की पूजा नायक से भिड़ेंगी।

# रेलवे और पंजाब के बीच मैच ‘खतरनाक और अनफिट’ पिच के कारण निलंबित

नयी दिल्ली, 21 दिसंबर। रेलवे और पंजाब के बीच करनैल सिंह स्टेडियम में चल रहे रणजी ट्रॉफी मैच को मैच अधिकारियों द्वारा पिच के ‘खेलने के लिए खतरनाक और अनफिट’ माने जाने के बाद निलंबित कर दिया गया। मैच अधिकारियों ने फैसला किया है कि अब गुरुवार से दो दिवसीय मैच नई पिच पर होगा।

मैच अधिकारियों ने जब मुकाबले को रोकने का फैसला किया तब तक सिर्फ 103 ओवर में 24 विकेट गिर चुके थे जिसमें से 20 तेज गेंदबाजों के खाते में गए। इस समय पंजाब ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 18 रन बनाए थे। टीम ने पहली पारी में रेलवे पर 12 रन की बढ़त हासिल की थी।

पंजाब के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने पीटीआई से कहा, “मैंने रणजी ट्रॉफी में इससे पहले कभी इस तरह का विकेट नहीं देखा। पिच से गेंद के उछाल का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता था जिसके कारण यह काफी असुरक्षित थी। हमें बताया गया है कि मैच नई पिच पर खेला जाएगा।” उन्होंने कहा, “अंपायरों और मैच रैफरी ने आज के दिन का खेल रद्द करने और कल नई शुरुआत करने का सही फैसला किया है। खिलाड़ियों ने इस मैच की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत की थी इसलिए इस तरह की पिच देखकर निराश हैं।”

दूसरे सत्र में ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान यह फैसला किया गया जब मैदानी अंपायरों के मदनगोपाल और राजीव गोदारा ने मैच रैफरी योवराज सिंह के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की। पंजाब के कप्तान मनदीप सिंह और रेलवे के कप्तान कर्ण शर्मा के साथ भी बात की गई।